EVIDENCE TENDERED BEFORE THE JOINT COMMTTTEE OF THE HOUSES ON THE LOKPAL BILL, 1978

श्री सुन्दर सिंह भंडारी (उत्तर प्रदेश) : संयुक्त प्रवर समिति के प्रतिवेदन के साथ कौन से कागज सदन में रखने हैं और कौनसी चीजें लाइब्रेरी में रहेंगी, इसका निर्णय हो चुका था, और उसके अनुसार मैंने यह प्रतिवेदन यहां रखा है ।

आपकी आज्ञा से जनसेवकों के विरुद्ध अवचार के अभियान की जांच करने के लिए लोकपाल की नियुक्ति का और उससे संबंधित विषयों का उपबंध करने वाले विधेयक संबंधी सभाओं की संयुक्त समिति के समक्ष दिये गये साक्ष्य का अभिलेख सभा पटल पर रखता हूं ।

CALLING ATTENTION TO A . MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

Proposed Hunger Strike by Shri M. N. Govindan Nair, M.P., on the issue of Oppression of Harijans and holding of Judicial Inquiry into the Police Firing and Other Atrocities against Harijans in Agra in May, 1978

SHRI BHUPESH GUPTA (West Bengal); Sir, before I call attention formally, we congratulate ourselves because we, more than IOO Members of this House belonging to all sides, almost the entire Opposition, had joined in this Calling-Attention Notice, rather to impress upon the Government the urgency of the matter and to reflect the sentiments and urges of the people outside, including our comrade, Shri M. N. Govindan Nair, who is currently on fast at the Boat Club on this issue.

Sir, I beg to call the attention of the Minister of Home Affairs to the proposed hunger strike—now it is .a hunger strike; it started at 9 A.M. today—by Shri M. N. Govindan Nair M.P., in support of the demands *inter alia for* curbing oppression of Harijans and holding of a judicial inquiry into the police firing and other atrocities against Harijans in Agra in May, 1978.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI DHANIK LAL MANDAL); Sir, the Government are firm in their resolve and determination that no efforts should be spared in curbing all forms of oppression of Harijans and weaker sections. The Prime Minister, while replying to a debate in Lok Sabha in April this year, had suggested that all political parties should put their heads together to see how best this evil could be eradicated and he sought the co-operation of all sections of the House. He had also proposed a conference of leaders of all political parties to curb violence particularly in relation to Harijans. Accordingly a dialogue commenced today morning with all the political parties with the object of evolving a national consensus on these important issues of public concern.

In the very first Conference of the Chief Ministers held on the 30th and 31st July, 1977, the Prime Minister impressed upon the Chief Ministers that determined steps should be initiated to eradicate the evil of untouchability. He again wrote on the 31st August, 1977, to all th£ Chief Ministers that adequate protection should be given to Harijans against attempts by landlords to dispossess them from the lands cultivated by them. I had written to alljhe Chief Ministers of all States in" October, 1977, suggesting setting up of special squades in identified areas, constitution of special cells under the Chief Ministers and appropriate institutional arrangements at the district level for redressal of grievances of Scheduled Castes and Scheduled Tribes.

We have repeatedly pointed out that the harassment of even a single Harijan is a matter of shame for the entire nation. The need of the hour is to formulate specific measures for the protection and advancement of Harijans in particular and the weaker sections in general. I would, therefore, earnestly appeal to Shri

Govindan Nair t_0 give up the ide_a of going on hunger strike.

I made a statement in this House on the 4th May, 1978 in response to a Call Attention Notice by some Hon'ble Members in which I had given details^of the sequence of events resulting in unfortunate incidents on the first and second May. I would not like to go over the same ground. During discussions on the Calling Attention Motion, I had informed the hon. Members that I would communicate to the Uttar Pradesh Chief Minister their feelings about the ordering of a judicial inquiry into these incidents. I wrote a letter to the Chief Minister, Uttar Pradesh, on the 6th May, 1978 to consider the suggestion for holding a judicial inquiry into the incidents in Agra. I had mentioned that a perusal of the debates would show that members from all sections of both the Houses had demanded a judicial Inquiry into the incidents.

The Government of Uttar Pradesh has decided not to hold a judicial inquiry into these incidents. They have, however, appointed a single man Inquiry Committee consisting of the Senior Member, Board of Revenue, to hold an administrative inquiry. The Committee will go into the entire chain of events, evaluate how the wftiole situation was handled and whether the force used by the police was excessive. The Committee has commenced it_s work. The Committee ha^ been asked to submit its report as early as possible, and the Uttar Pradesh Government/ hopes that the inquiry will be completed in about six weeks.

SHRI BHUPESH GUPTA: Sir, the reply is utterly disappointing. It is a matter of profound shame and regret that, despite the fact that the wishes of the House had been conveyed to the Chief Minister of Uttar Pradesh to the effect that a judicial inquiry should be instituted into the police firing and atrocities in Agra, the State Government had finally turned down the solemn wishes of this House conveyed by a member of the Government. That only shows the extent of arrogance, disrespect by the State for the public opinion in the country and for the public opinion expressed in Parliament. In fact, it amounts to a moral contempt of the highest tribunal of the country, namely, the Rajya Sabha. I do not know, Sir, if there is any Constitutional provision to deal with such contemptuous behaviour on the part of the Chief Minister who had the temerity contempt to reject the opinion and the views expressed and formally communicated by the Government itself. Sir, I do not know how the matter is going to be tackled. Even then the hon. Minister repeats what he has said and calls upon Mr.. Govindan Nair to give up his fast. Mr. Govindan Nair, he should be knowing it, toured eight States during the last one month carrying the message of our protest, indignation, concern for our brothers and sisters Of the Harijan community massacred in the villages, oppressed and silenced in submission, terrorised under the brutal terror of the landlords and other elements, and after that, he has come here as a symbol of that protest carrying the messeage from eight States of India to register it at the gates of Parliament and is on a hunger strike. A man of seventy and a veteran freedom fighter, one of the leaders of the Communist Party and the working class movement, a champion of the cause of the oppressed people in the days when feudalism ruled the country along-side the British, a Member of the Lok Sabha and the leader of our group in that House is on a hunger strike, and the Hon. Minister expects from him to give up the hunger strike because Mr. Yadav has appointed a departmental enquiry. He should have seme regard for self-respect and commonsense of our people. I wish he had not read that statement in this House. On the 4th of May the same thing was said. What was the need

[Shri Bhupesh Gupta] for making that statement today? Sir, therefore, I regret that it is not a right attitude. This is a deplorable attitude on the part of the Government.

What has happened in Agra, which is the subject matter of this motion? I would not repeat it because it has been known earlier on the 4th of May in this House. Comrade Indradeep Sinha went to Agra himself and personally visited that place, which should be known to the Hon. Minister. A committee of the Members of Parliament belonging to the various parties went and Visited that place, and in their report they condemned and exposed the brutality, the violence, the excesses, the committing of murders by the Yadav community, the raiding of their homes and hearths, the attack on their women and children and the looting of their property, and even then the conscienceless Chief Minister of Uttar Pradesh has the courage to defy the opinion of the nation and Parliament.

THE PRIME MINISTER, MINISTER OF HOME AFFAIRS AND MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI MORARJI R. DESAI); May I interrupt the hon. Member for a minute? I have just received information from the U.P. Chief Minister that he has decided to appoint, under the Commissions of Inquiry Act, a commission to enquire into the Agra incidents, with a retired High Court Judge to preside over it. *(Interruptions)*

SHRI BUDDHA PRIYA MAURYA (Andhra Pradesh); It is very late Why did he not do it earlier?

SHRl P. RAMAMURTI (Tamil Nadu): I would ask him to read it again. I have not heard it. Let us hear him. *(Interruptions)*

MR. CHAIRMAN: Mr. Maurya, I would like to tell you first of all that you cannot prevent the proceedings in this way. *(Interruptions)*

No, no, one second. The Prime Minister wants to say something very important. I request Mr . Maurya to keep quiet at least for a minute. *(Interruptions)* Please keep quiet, I said. If you do not want to keep quiet, then you must be preprepared . . . *(Interruptions)* Let us hear what he has to say. *(Interruptions)*

SHRI BUDDHA PRIYA MAURYA: You can punish me. *(Interruptions)* \

MR. CHAIRMAN; I have not said it. If you want, you can invite it.

SHRI PILOO MODY (Gujarat): No punishment is fit for him.

MR. CHAIRMAN: I have not said it. He himself is suggesting it. If he wants, he can invite it.

SHRI K. K. MADHAVAN (Kerala): On a point of order.

MR. CHAIRMAN; No point of order. Please wait.

SHRI MORARJI R. DESAI; I had a meeting with all the leaders of the Opposition this morning, and in accordance with our discussions, I had got in touch with the Chief Minister of U.P. The U.P. Chief Minister has just now replied to me that he has decided to appoint, under the Commissions of Inquiry Act, a commission to enquire into the Agra incidents with a retired High Court Judge to preside over it.

SOME HON. MEMBERS: Very good.

SHRI ARVIND GANESH KULKARNI (Maharashtra); We welcome the announcement.

SHRI K. K. MADHAVAN; The issue remains. What about Bihar? What about other parts of India? It is not as if U.P. is India.

SHRI BHUPESH GUPTA: I am very glad Sir, that the Prime Minister has made this announcement. I must say that his attitude at the meeting of the leaders of the Opposition was undoubtedly constructive and helpful and he has acted on that basis. What he has communicated is really a follow-up action of what we all, including the Prime Minister, discussed there. So Sir, we welcome that statement. The Pant Nagar enquiry has already come. It was another of Mr. Govindan Nair's demands when he wrote the letter in the last session to the Prime Minister. Many of the problems are being settled, including the judicial enquiry which has started. I am glad that the Prime Minister has intervened in this matter and naturally T thank him for it. And I congratulate all the Members of the House belonging to all sides, whose collective co-operation, to which the Prime Minister has responded, the Government has responded, has brought about a solution of this kind.

श्री भोला पासवान शास्त्री (बिहार) : श्रीमन्, हम आपसे कुछ हना चाहते हैं, आप हमको समय नहीं देते हैं *(Interruptions)*

MR. CHAIRMAN: No, no, your name is in the list.

श्री भोला पासवान शास्त्री : हम कहने को खड़े हैं आप कहते हैं कि रुकिये । .

MR. CHAIRMAN; No, no it is not that.

SHRI BHUPESH GUPTA: Sir, with your permission, I am going to the camp where Mr. Govindan Nair is on fast to convey the message the Prime Minister has given to us.

SHRI BHOLA PASWAN SHASTRI: Mr. Gupta, I was on my legs.

चेयरमैन महोदय, मुझे बड़ा दुःख है इस बात का कि मैं खड़ा हुआ हूं तो आप रोकते हैं और कहते हैं कि उनको बोलने दीजिए। यह रवैया ठीक नहीं है। मैं बड़े दुःख के साथ कहता हूं कि मैं इस बात को बर्दाश्त भी नहीं कर सकता हूं ।

मुझे बड़ी खुशी हुई है कि प्रधान मंत्री जी का जो बयान हुआ हाउस में, पूरे हाउस को खुशी है, मुझे विशेष खुशी है कि जो राज्य मंत्री श्री धनिक लाल मंडल उनको मालूम है, हम लोगों ने इस सदन में, तमाम अपोजीशन बैंचेज ने वाक-आउट किया था, डिस्कशन किया था इस प्रश्न पर आप चेयर पर नहीं थे, शायद आप नहीं जानते हैं। मुझे इस बात की खुशी है कि सब अपोजीशन पार्टी के मेंबरों को बुलाकर सरकार ने इस मामले को समझा और सरकार दे आई दुरुस्त आई, इसलिए मैं प्रधान मंत्री साहब को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने इस पर ध्यान दिया। उस पर हमने बहुत डिबेट किया था। तमाम जो हरिजनों पर जुल्म होते हैं, तमाम की जुडिशल इंक्वायरी होनी चाहिए ऐसा हम नहीं कहते, लेकिन खास खास मामले में जिन में मानवता को ठोकर लगती है, आदमी परेशान रहता है, ऐसे ऐसे केसेज को प्रधान मंत्री को या गवर्नमेंट को तवज्जह देनी पड़ी। इसलिए मैं जो खड़ा हुआ वह यह कहने के लिए खड़ा हुआ नेकि उनके दिमाग में यह बात आई और उन्होंने इसकी इंक्वायरी कराने का फैसला किया यह देर आयद दुरुस्त आयद वाली बात है। आप इसको बुरा मत मानिएगा। हमने यह दुखी हो कर कहा था दुःख मुझे अभी भी है जो आपने मुझे इस तरह से कहा। मैं इसका ख्याल नहीं रखूंगा। लेकिन जो मेरा इजहार था, मेरी भावना थी वह मैंने आपके सामने प्रकट की है।

MR. CHAIRMAN: The only thing [wanted to tell the honourable Member was that after Mr. Bhupesh Gupta spoke I thought that the Prime Minister would say something, and it is, therefore, that I wanted you to wait a minute. . .

श्री भोला पासवान शास्त्री : प्राइम मिनिस्टर नहीं उठे थे। आपने कहा था कि प्राइम मिनिस्टर बोलें। हम को बुलाना [illegible] थ ।

MR. CHAIRMAN: I entirely agree. I thought—let me make my position clear—that when the honourable Shri Bhupesh Gupta spoke, that that time I thought that the Prime Minister may reply. Therefore, I said, you can wait a minute; otherwise, there is nothing.

श्री भोला पासवान शास्त्री : जब भूपेश गुप्त बोल रहे तो आपने समझा कि प्राइम मिनिस्टर बोलेंगे। दूसरे मैम्बर भी बोल सकते हैं यह भी आपको समझना चाहिए था। दूसरे मैम्बरों को बुलाने की आपकी ड्यूटी थी (*Interruption*) । आप हम को कह देते कि आपको बोलने का अधिकार नहीं है तो मैं बैठ जाता। हम चेयर की इज्जत करते है। लेकिन यह आपका जो एटीट्यूड था, यह हम को पसन्द नहीं है। Chair is not a dictator here.

श्री बुद्ध प्रिय मौर्य : आदरणीय सभापति जी, माननीय प्रधान मंत्री जी ने जो कमीशन आफ इंक्वायरी एक्ट के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश की सरकार द्वारा आगरा में पी० ए० सी० के द्वारा शोषित समाज के नर-नारियों की हत्या करने के ऊपर इन्क्वायरी बैठाने की सूचना दी है उसका निश्चयपूर्वक मैं स्वागत करता हूं। साथ ही निश्चयपूर्वक प्रधान मंत्री जी भी मेरी इस बात से सहमत होंगे कि एक हादसा हुआ, हत्याकांड हुआ और उसमें करीब-करीब 25 जानें गईं। पी० ए० सी० के लोगों ने हत्या की, घरों में घुस कर हत्या की, दरवाजों को तोड़ कर हत्या की। दो दर्जनों से भी ज्यादा घरों को आग लगाई गई। आजकल कई दिनों से बारिश हो रही है, क्या मारे गये लोगों का सबूत जले हुए घरों का सबूत इतनी आसानी से मिल पाएगा। मेरे कहने का अर्थ यह है कि एक कत्ल हो जाता है और कत्ल होने के बाद अगर उसकी जांच पड़ताल महीने, दो महीने के बाद की जाए या तीन चार महीने के बाद की जाए तो उसमें जो सबूत आसानी से मिल जाता है वह सबूत नहीं मिल पाएगा। मैं यह आशा करता हूं कि माननीय प्रधान मंत्री जी विशेष तौर से इसमें रुचि दिखा कर यह कोशिश करेंगे कि ज्यादा से ज्यादा गहराई में जा कर सत्य की खोज की जाए।

मैं एक और निवेदन करना चाहूंगा कि जैसे सभी हिन्दू समाज के लोगों की शादियां पंडित जी के निश्चय करने पर होती हैं उसी तरह से शोषित समाज के लोग भी उसी धर्म से जुड़े हुए हैं। शैड्यूल्ड कास्ट के लोग विशेषतौर पर जाटव बिरादरी के लोग, जिसे देहाती भाषा में चमार और अपनी सभ्य भाषा में वह अपने को जाटव कहते हैं, सैकड़ों लड़के-लड़कियों की शादी उन दिनों थी। पी० ए० सी० के द्वारा वहां पर खुली लूट की गई। लाखों रुपये की सम्पत्ति सैकड़ों घरों से चुराई गई। उनकी घड़ियां लूटी गई और उनके जेवर लूटे गये मैं यह कहना चाहता हूं कि ये चीजें दबा दी जायेंगी।

मैं एक निवेदन करना चाहता हूं कि संविधान के डायरेक्टिव प्रिंसिपल के द्वारा जो धारा 46 है उस के अनुसार प्रधान मंत्री जी ने काम किया। मैं फिर से प्रधान मंत्री जी का आभारी हूं कि उन्होंने मजबूती के साथ—मुख्य मंत्री को डायरेक्शन देकर कमीशन बैठाया। लेकिन यह भी कहना चाहता हूं कि यह काम पहले ही कर देना चाहिए था, क्योंकि धारा 46 के अन्तर्गत जो डायरेक्टिव प्रिंसिपल की धारा है इसका आज के दिन के फंडामेंटल राइट्स से भी ज्यादा महत्व है। यह दूसरी बात है कि आप संविधान में संशोधन कर दें और डायरेक्टिव प्रिंसिपल का जो आज महत्व है उसको घटा दें लेकिन आज जैसा कि संविधान है और डायरेक्टिव प्रिंसिपल का एक विशेष स्थान है उस की धारा 46 में, उसमें शेड्यूल्ड कास्ट की रक्षा करने की,

शेड्यूल्ड कास्ट् के वैलफेयर के लिए, शेड्यूल्ड कास्ट के विकास के लिए और शेड्यूल्ड कास्ट के लोगों के सोशली और इकोनोमिकलो एडवांसमेंट की जो जिम्मेवारी है वह केन्द्र पर आती है। मुझे इस बात पर ताज्जुब हुआ कि जब मैंने माननीय गृह राज्य मंत्री से इस बारे में पूछा तो उन्होंने बताया कि उनका मशविरा मुख्य मंत्री नहीं मानते। मुख्य मंत्री से उन्होंने जो व्यक्तिगत रूप से बात की, उनको बताना मैं उचित नहीं समझता। लेकिन उसके आधार पर मैं यह मानता हूं कि उन्होंने विशेष तौर से इस मामले में रुचि दिखाई। इसके साथ-साथ म उनसे भी यह आग्रह करना चाहूंगा कि वे इस बात की कोशिश करें कि किसी तरह से भी सत्य को दबाया न जाय। उस वक्त जब इस संबंध में काल अटेंशन मोशन मई में लाया था तो मैंने पी० ए० सी० और आर० एस० एस० का नाम लिया था। आप जानते हैं कि आर० एस० एस० एक संस्था है और इस आर० एस० एस० के एक संचालक हैं, उनकी वहां पर चार मंजिली हवेली है। उस हवेली से उस वक्त गोलियां चली थी जिनसे तीन व्यक्तियों की हत्या हुई थीं। गोलियों के निशान अब भी वहां पर बने हुए हैं। मैं चाहता हूं कि आप इस बात को देखें कि किसी तरह से भी सत्य को दबाया न जाय। इस दृष्टि से भी यह खास महत्व की बात है कि आर० एस० एस० की विशेष तौर पर आज के सत्ताधारी दल की बाहों को मरोड़ने की शक्ति है। इस काण्ड में आर० एस० एस० के किन-किन लोगों का हाथ था, इसमें पी० ए० सी० के किन-किन अफसरों का हाथ था, ये चीजें ज्यादा से ज्यादा प्रकाश में आनी चाहिएं।

मान्यवर, एक निवेदन मैं और करना चाहूंगा। इस सदन में इस सम्बन्ध में जितनी भी चर्चाएं हुईं उसके आधार पर व्यक्तिगत तौर पर माननीय प्रधान मंत्री जी इस बात का कष्ट करें कि वे मुख्य मंत्री से कहें कि उन्होंने इस काण्ड को रोकने के लिए क्या कार्यवाही की। मुख्य मंत्री से वे एडमिनिस्ट्रेटिव तरीके से भी ये बातें कह सकते हैं। हमारे देश में 30 साल की आजादी के बाद भी जब 25 से ज्यादा हत्याएं होती हैं, दो दर्जन से भी ज्यादा मकान जलाये जाते है और 12 से भी अधिक बहिन बेटियों के साथ बलात्कार होता है तो बहुत बड़ा ताज्जुब होता है। मैं सोचता था कि 30 वर्ष की आजादी के बाद इन लोगों के लिए संरक्षण जैसी किसी चीज की आवश्यकता नहीं रहेगी और हमारे देश का शोषित समाज अपने पैरों पर खड़ा हो जाएगा। लेकिन आज हमारे देश में स्थिति यह है कि इतने वर्षों की आजादी के बाद भी दिन-दहाड़े हमारी बहिनों के साथ किसी देहात मे किसी जमींदार द्वारा ही नहीं बल्कि पी० ए० सी० के वर्दीधारी लोगो द्वारा बलात्कार किया जाता है। मैं ये बातें इस सदन में इसलिए कह रहा हूं कि इन लोगों के साथ मेरा खून का रिश्ता है। अगर इस तरह की कोई भी दुर्घटना, कोई भी बुरी घटना आप की बहिन बेटियों के साथ हुई होती तो आपकी भावनाएं भी मुझ से ज्यादा उत्तेजित हो जातीं। मुझे इस बात का अफसोस है कि इतनी हत्याएं हुई, इतने मकान जलाये गये, लाखों की सम्पत्ति लूटी गई और विशेष तौर पर एक खास बिरादरी के लोगों के मकान जलाये गये और उन के घरों को चुन-चुन कर उनके साथ अत्याचार किये गये और आप आज उसके सम्बन्ध में कमीशन बैठा रहे हैं? मई, जून और जुलाई तीन महीने बीत जाने पर आज जुलाई के महीने में आप यह कमीशन बैठा रहे हैं। यह बहुत ही अफसोस की बात है। जिस सरकार के कान इतने बहरे हों, जिस सरकार की आंखें इतनी अंधी हों,

[श्री बुद्ध प्रिय मौर्य]

जिस सरकार की बुद्धि इतनी पिछड़ी हो, जो हत्या होने के तीन महीने बाद कमीशन बैठाये, वह सरकार सत्ता में रहने का अधिकार नहीं रखती है । मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि इन तीन महीनों तक आपने इस चीज को छिपाये क्यों रखा ? लोग हम से सवाल करेंगे कि तीन महीने तक हत्याएं करवाने के बाद, लुटवाने के बाद, जलाने के बाद आज आप कमीशन बैठा रहे हैं ? वे हम से यह भी कहेंगे कि यह आपकी आपस की दलबन्दी है, जनसंघ की दलबंदी है, पुरानी कांग्रेस की दलबंदी है, तुम्हारी बी० के० डी० की दलबंदी है और जनता पार्टी की दलबंदी है । वे यह भी कहेंगे कि आपकी यही दलबंदी आज रास्ते की रुकावट बनी हुई है । यही दलबंदी इस देश में लोगों को अच्छा एडमिनिस्ट्रेशन देने में रुकावट बनी हुई है । मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि जब कभी भी इस तरह से शोषित समाज के लोगों की हत्याएं हों, उनकी बहिन बेटियों के साथ बलात्कार किया जाय, उनके मकानों को लूटा जाय तो सरकार तुरन्त चेते और जुल्म करने वालों को सख्त से सख्त सजा दे । अगर ऐसा नहीं किया जाएगा तो ऐसा दिन भी आ सकता है कि जब अपने बाजुओं के बल पर ये लोग ठीक इंसाफ अपने समाज को दे सकते हैं ।

श्री रामेश्वर सिंह (उत्तर प्रदेश) : भूतपूर्व सरकार के जमाने में खरसवान में जब पी० ए० सी० के जवानों ने लोगों को मारा और शेरपुर में उसी तरह से हत्याएं कीं, तब आपने क्या किया ?

श्री बुद्ध प्रिय मौर्य : इतनी भावनाओं की बात पर आप इस तरह से बोलते हैं ? कुछ तो धर्म और न्याय की बात कीजिए । श्रीमन्, मैं एक बात और कह कर समाप्त कर रहा हूं । 20-नुकाती प्रोग्राम के आधार पर कुछ जमीन शोषित समाज के लोगों को दी गई थी, शेड्यूल्ड कास्ट और शेड्यूल्ड ट्राइब्स के लोगों को दी गई थी . . .

श्री रामेश्वर सिंह : कांग्रेस के शासन काल में महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में जो कुछ हुआ उसके लिये आपने कभी आवाज क्यों नहीं उठायी ?

श्री बुद्ध प्रिय मौर्य : मैं माननीय प्रधान मन्त्री जी से निवेदन करूंगा कि वे उत्तर प्रदेश और अन्य प्रदेश सरकारों को वक्तन-फवक्तन इस तरह के निर्देश देते रहेंगे जिससे कि शोषित समाज के लोगों को उनकी जमीन से जो हटाया जा रहा है, उसे रोका जा सके । जैसा कि मैंने पहले कहा कि मैं सदन का ज्यादा समय लेना नहीं चाहता, इसलिये इन शब्दों के साथ फिर से प्रधान मन्त्री को धन्यवाद देता हूं । लेकिन इसमें एक ही बात की परेशानी है कि देर में यह कमीशन बिठाया गया है बहुत से सबूत गायब हो गये हैं, इसलिये बहुत सी मुश्किलें होंगी, यह साबित करने में इसके लिये कौन-कौन लोग दोषी है । धन्यवाद ।

MR. CHAIRMAN: Now, may 1 ask the Members of the House whether it it necessary to continue the discussion . . .

SOME HON. MEMBERS: No.

SOME HON. MEMBERS. Yes.

MR. CHAIRMAN: . . . when the Prime Minister has made the position clear?

SHRl SHYAM LAL YADAV (Uttar Pradesh): Sir, there is one thing which I would like to tell.

मान्यवर, मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि इस तरह के जो इन्क्वायरी कमीशन बिठाये जाते हैं, इन्क्वायरी ऐक्ट के मातहत, अक्सर यह देखा गया है कि जो अधिकारी इससे सम्बद्ध होते हैं वह अपने पद पर ही बने रहते हैं, लिहाजा इन्क्वायरी ठीक से नहीं

हो पाती। हमारे वाराणसी में मुसलमानों पर ज्यादती हुई, इन्क्वायरी बैठी परन्तु जो जिले के आफिसर थे वह वहीं अपने पद पर थे, यहां पर भी वही आफिसर मौजूद हैं। इससे निष्पक्ष इन्क्वायरी होने में बाधा उत्पन्न होती है। होना तो यह चाहिए कि जिन अधिकारियों के विरुद्ध इन्क्वायरी बिठाई जाये, उन्हें वहां से हटा दिया जाये। ऐसा न होने पर तरह-तरह के दबाव देकर वे निष्पक्ष इन्क्वायरी नहीं होने देते। यह मेरा प्रधान मन्त्री से निवेदन है।

श्री कामेश्वर सिंह (बिहार) : महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में जब अत्याचार हुए तो उस समय आप लोग क्यों नहीं बोले? महाराजा मंजदेव आदिवासी नेता थे, कांग्रेस के जमाने में वहां पर उनको मारा गया। वह आदिवासियों के सर्वमान्य नेता थे सारे आदिवासियों के नेता थे। वह वहां के एक मात्र नेता थे जहां 5 लाख आदिवासी रहते हैं, उस समय आप चुप रहे और आज आप जबान चला रहे हैं।

श्री नागेश्वर प्रसाद शाही (उत्तर प्रदेश) : श्रीमन्, जो भावनायें मौर्य जी ने यहां पर व्यक्त की हैं, उससे भिन्न कोई मत हो नहीं सकता। हिन्दू समाज और इस देश के लिये इससे बड़ा और कोई कलंक हो ही नहीं सकता और इस कलंक को मिटाने के लिये जो कुछ भी हो सकता है, उसे शीघ्र से शीघ्र करना चाहिए। मौर्य जी ने बिल्कुल सही कहा कि 30 साल की आजादी के बाद और 30 साल के कांग्रेस के शासन के बाद भी आज हरिजनों पर *(Interruptions)* इतने अत्याचार हो रहे हैं। इसलिये इससे बड़े शर्म की और कोई बात हो नहीं सकती . . . *(Interruptions)* अच्छा बैठो-बैठो चमचे हो इन्दिरा गांधी के।

इसकी समाप्ति के लिये जो कुछ भी कदम उठाने की जरूरत हो वह उठाये जांय।

श्रीमन्, इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि आगरा में हरिजनों के साथ बड़ा अत्याचार हुआ और मुझे यह मालूम हुआ है कि आज भी वहां जातिगत टेंशन मौजूद है। उस जाति गत टेंशन को समाप्त करने के लिये शीघ्र से शीघ्र प्रयास होने चाहिएं।

SHRI K. K. MADHAVAN; Sir, on a point of order. Is he a signatory tb the motion? Then I can agree. Otherwise, I represent the affected isection of the society and I have a right to speak now.

श्री नागेश्वर प्रसाद शाही : श्रीमन्, मैं यह कहना चाहता हूं कि देश के हर हिस्से में हरिजनों के साथ अन्याय हो रहा है। श्रीमन्, यह मेरे पास 30 मार्च का इण्डियन एक्सप्रेस है जिसमें लिखा है कि कर्नाटक के धारवाड़ जिले में हरिजनों के साथ कितने अत्याचार किए गए। बहुत सी हरिजन महिलाओं के साथ रेप किया गया। हरिजनों को पुलिस की मौजूदगी में पीटा गया। According to the press note issued by Mr. Chandu Lal Superintendent of Police, Dharwar... *(Interruptions)* एक हरिजन कुएं पर पानी भरने चला गया। वहां यह सिस्टम है कि हरिजन कुएं से पानी नहीं भर सकते। कोई कास्ट हिन्दू पानी भर कर उसके बर्तन में डालता है। क्योंकि इन्तजार करने के बाद भी वहां कोई कास्ट हिन्दू नहीं आया, इसलिए हरिजन ने पानी अपने बर्तन में भर लिया। इस पर वहां कास्ट हिन्दुओं ने इकट्ठा हो कर हरिजनों की एन-मास पिटाई की और महिलाओं के साथ बलात्कार किया। यह कर्नाटक की घटना है। अब आन्ध्र प्रदेश में क्या हुआ? हरिजनों के ऊपर भीषण अत्याचार हो रहे हैं और चीफ मिनिस्टर चेन्ना रेड्डी ने असेम्बली में स्वीकार किया कि एक गांव में हरिजनों की पिटाई की गई और 20 हरिजनों को घायल कर दिया गया।

[श्री नागेश्वर प्रसाद शाही]

एक हरिजन की रास्ते में अस्पताल जाते समय मृत्यु हो गई। अब तामिलनाडु का सुनिए। तामिलनाडु में हरिजन महिलाओं के साथ सामूहिक बलात्कार किया गया। यह रामाचन्द्रन साहब के शासन में हो रहा है ... *(Interruptions)*

श्रीमती सरोज खापर्डे (महाराष्ट्र) आपकी सरकार में हो रहा है यह सब।

श्री नागेश्वर प्रसाद शाही : हरिजनों के ऊपर तामिलनाडु में मदुराई में गोलियां चलाई गईं। मैं सिर्फ यह कहना चाहता हूं कि आप फरवरी/मार्च का पायनियर देखिए। उसमें लिखा है कि श्रीमती इन्दिरा गांधी हरिजनों को एजीटेट करेंगी *(Interruptions)* श्रीमती इन्दिरा गांधी मजदूरों से हड़ताल कराएंगी *(Interruptions)* श्रीमती इन्दिरा गांधी भाषायी दंगे कराएंगी *(Interruptions)* मेरा यह कहना है कि दक्षिण में कांग्रेस राज्य हैं। श्रीमती इन्दिरा गांधी ने मद्रास में एंटी हिन्दी प्रस्ताव... *(Interruptions)* भाषायी दंगे हरिजनों पर अत्याचार.. *(Interruptions)* मद्रास में एन्टी हिन्दी प्रस्ताव पास हुआ है ... *(Interruptions)* इन्दिरा गांधी के इशारे पर सारे दंगे शोमन् कराए गए ... *(Interruptions)*

SHRIMATI SAROJ KHAPARDE: Mr. Chairman, ask him to sit down, please.

श्री नागेश्वर प्रसाद शाही : मैं यह चाहता हूं कि भारत सरकार एक कमीशन नियुक्त करे जो देश भर में हरिजनों के ऊपर अत्याचार... *(Interruptions)* जांच करे।

SHRI ANANT PRASAD SHARMA (Bihar): I rise on a point of order. The question before the House is not what has happened twenty or thirty years ago... *(Interruptions)* Whatever has happened during the last 25 or 30 years, at least for 25 years even the Prime Minister was also a party. We are not discussing that. We are discussing a specific issue. The hon. Member should not refer to anything about the past.

श्री रामानन्द यादव (बिहार) : सर, मेरा नाम है काल अटेंशन में ...

MR. CHAIRMAN: So many names are there. I am announcing the names one after another. If you don't allow me to call the names, what can I do? Shri Madhavan.

SHRI K. K. MADHAVAN: There is nobody to hear.

MR. CHAIRMAN: I am hearing you.

SHRI K. K. MADHAVAN: Sir, the question is very simple. This Calling Attention can 'be split in two parts. One is in support of the demand, *inter alia,* for curbing atrocities on the Harijans. That is the first part. The second part is to hold a judicial inquiry into the police firing and other atrocities against the Harijans in Agra in May, 1978. So far as the second part is concerned, the Prime Minister has come forward, at least at this late stage when all the possibilities of collecting evidence have completely disappeared, with a statement that he has agreed to appoint a commission. I congratulate him only to that extent. Sir. this is an attempt at bypassing the real issue. What is the real issue? The real issue is not the appointment of a commission. The appointment of a commission is incidental or consequential to what happened in a series of atrocities which started from the holy land of Buddha in Bihar and went up to the finest place in India, that is Agra. There is an endless series of atrocities on Harijans not only in one State or two States, but many States. The worst-affected people are the Harijans, the weakest amongst us who have been

subjugated for centuries and are being subjugated even today. They are suffering untold atrocities and in-human treatment at the hands of your religion. I am ashamed to say that it is my religion also. They preached a certain philosophy because of which a certain section of the people became untouchables. Of course, we have abolished untouch-ability on record. But it has not been abolished from the hearts of the people sitting here. It is clear from the fact that thousands and thousands of vindictive atrocities are being com-mitted on the men, women and child-ren belonging to weaker sections in this part of the Continent for the last more than 15 years.

MR. CHAIRMAN; Is it over?

SHRI K. K. MADHAVAN: It is not over. How can it be over? The Prime Minister has acceded to the demand contained in second part of the Calling Attention for the appoint-ment of a commission. Even though it is belated, I congratulate him for that repeatedly. This is an attempt at bypassing the issue. Shall I say that the Chief Minister who is presid-ing over the destinies of the people in U.P. is encouraging people? U.P. is our 'biggest State. It is a sub-conti-nent within a sub-continent. Some people even say that U.P. is India.

SHRI M. R. KRISHNA (Andhra Pra-desh) : Is it a point of order or is he making a speech?

SHRI K. K. MADHAVAN: Sir, I am on my legs. He says that the Chief Minister is now willing. Sir, the commission is for what purpose? The commission is for an enquiry into the excesses, atrocities committed.

MR. CHAIRMAN; Now, you please resume your seat.

SHRI K. K. MADHAVAN: I will take just one minute, Sir. *(Inter-ruptions)* Please listen to my point of view. I say that this Government only because of power politics, only for the sake of power set their house in order, but there is still disorder now. That is what you have done yesterday and day before yesterday. You have compromised against the Harijans, you have compromised against the Adivasis, you have com-promised against the people who have suffered all these atrocities. Is it right? Is it right to have a compro-mise? You have compromised on an issue which is a question of life and death for these people. You cannot compromise on this. You cannot collude with the Chief Minister of Uttar Pradesh, however big he may be and however big that State may be. There are atrocities committed in other parts of India also.

MR. CHAIRMAN; You will have to stop now.

SHRI K. K. MADHAVAN: In Bihar, what are you proposing to do?

MR. CHAIRMAN: Please resume your seat. You cannot go on like this.

SHRI K. K. MADHAVAN; Just one sentence.

MR. CHAIRMAN: No, no. Please resume seat. Now I will call the next person.

श्री रामेश्वर सिंह : श्रीमन्, मैं बोलना चाहता हूं।

MR. CHAIRMAN: Please sit down. I have not called your name.

श्री रामेश्वर सिंह : श्रीमन्, एक मिनट टाइम हमको देंगे। आपकी कृपा से मैं बोलना चाहता हूं। यह मेरा कहना है कि पिछले दिनों अपोजीशन के जो नेता हैं और यहां बैठे हुए हैं कमलापति त्रिपाठी जी, मैं भी काशी में रहता हूं *(Interruptions)* अभी तीन-चार महीने पहले बाबू जगजीवन राम जी ने जिस मूर्ति का अनावरण किया उस मूर्ति को इनके भाई के नेतृत्व में कांग्रेस के लोगों ने उस मूर्ति को धुलवाया। आज बुद्ध प्रिय साहब यहां बोल रहे हैं *(Interruptions)*

[श्री रामेश्वर सिंह]

इस सवाल पर बोलना चाहिये (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Please resume your seat. You were not called.

श्री रामेश्वर सिंह : जिस पार्टी के नेता के भाई के नेतृत्व में अगर उस मूर्ति को धोया गया . . . (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Please resume your seat.

श्री रामेश्वर सिंह : बुद्ध प्रिय साहब सीना फाड़ करके कह रहे हैं आज। लेकिन जितने कुकर्म, अत्याचार कांग्रेस के राज्य में हुआ है, जितना पण्डित जी के राज्य में हुआ है, उतना कभी हरिजनों पर नहीं हुआ है. . . . . (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Please resume your seat. What is all this? Please sit down.

विपक्ष के नेता (श्री कमलापति त्रिपाठी) मेरे बारे में उन्होंने जो कहा है मैंने उन्हें रोका नहीं है। यह सारी मनगढ़न्त कहानी है, सत्य से दूर है। स तरह का आक्षेप लगाना गलत है।

श्री रामेश्वर सिंह : इसकी जांच कराई जानी चाहिये । (*Interruptions*) इसकी जांच कर लें। मैं चुनौती से कहूंगा — कमलापति त्रिपाठी जी को कि अगर यह बात सत्य नहीं होगी तो जो भी यह हाउस दण्ड प्रदान करेगा वह दण्ड बर्दाश्त करने के लिए मैं तैयार हूं।

(*Interruptions*)

श्री कल्प नाथ राय (उत्तर प्रदेश) : सभापति महोदय, मेरा एक व्यवस्था का प्रश्न है। आदरणीय रामेश्वर सिंह जी ने जनता सरकार पर यह आरोप भी लगाया है कि 4 करोड़ रु० के० के० बिड़ला, गोयन्का से लेकर इस सरकार ने चरणसिंह को . . . .

MR. CHAIRMAN: This has nothing to do with the subject. It is absolutely irrelevant. Let it not be recorded.

(SHRI KALP NATH RAI *continued to speak)*

MR. CHAIRMAN: Will you stop now, Mr. Kalp Nath Rai? Please resume your seat. Will you please resume your seat or not?

(SHRI KALP NATH RAI *continued to speak)*

MR. CHAIRMAN: Let the hon. Members be quiet. I think that all those who wanted to speak have spoken. Let us go to the...

SHRI ANANT PRASAD SHARMA: There are other names here, Sir.

MR. CHAIRMAN; I will call one after another.

SHRI ANANT PRASAD SHARMA: Sir, Mr. Kalp Nath Rai has brought an allegation based on a letter written by Mr. Rameshwar Singh. How can you say that it will not go on record? The letter has been written by a Member of Parliament.

MR. CHAIRMAN: Mr. Ramamurti.

SHRI P. RAMAMURTI (Tamil Nadu): Sir, I do not want the Harijans to be made a pawn in the game of party politics here...

SHRI KALP NATH RAI: But they are doing it.

SHRI P. RAMAMURTI; Please listen to me. If it hurts you, I am not responsible for it. I want this question to be debated from the point of

view of the Harijans. I know it is a very difficult problem. I know, equally that this eountry having had the heritage of over two thousand years of the problem of untouchability and cultural background, it has been an extremely difficult problem to fight with. Therefore, I would like to seek the co-operation of all the parties in this House. Instead of making it a problem of political game, let us all try to solve it and mount a massive attack so that the Harijans in this country are treated like human beings; otherwise, our voice that is raised in the United Nations and other places against racial discrimination, sounds absolutely hollow. Therefore, I do not want political overtones to be brought into this question. As far as this question is concerned, I do not disclose a secret when I say...

SHRI KALP NATH RAI: Untouchability means what? It is a party politics.

SHRI P. RAMAMURTI: .. .this morning we had a discussion with the Prime Minister and certain steps were agreed upon. One of the steps that was agreed upon this morning was that whenever such serious incidents of atrocities take place,—the Prime Minister this morning agreed with the leaders of the opposition parties—Government itself will constitute a committee of all parties in Parliament instead of waiting for the appointment of a commission of inquiry because it will take quite some time. I am glad the Prime Minister this morning accepted the suggestion I made that immediately the Government should appoint a commmittee of inquiry consisting of Members of all parties to go to the spot, make an inquiry and submit a report to Parliament. I know this is not going to completely eradicate this problem. But as a result of this, some public opinion will certainly be created in this country and the Harijans and the downtrodden people will feel that they are not being neglected and that Parliament itself is taking their problems very seriously. It will also have a sobbering effect on the upper class people. Therefore, I am glad the Prime Minister accepted this suggestion. Following that also, this morning, we suggested certain other steps which the Prime Minister should take in order to see that the U.P. Chief Minister agrees to the appointment of a judicial commission. I did not expect the Prime Minister would be able to take this step so immediately and the result would be produced. I am glad, within a few minutes, he was able to get the acceptance of the U.P. Chief Minister. What those steps are, I am not going to disclose. We suggested certain steps and the Prime Minister agreed to take those steps. As a result of that, I am glad, today, immediately, the Chief Minister of U.P. accepted the demand for the appointment of a judicial commission.

What I would like to point out here is that this is a very deep problem. In this problem, not only caste is involved, but along with caste, the class problem is also involved. Therefore, it is going to be a still more difficult problem. But in the ultimate analysis, we should be able to organise the downtrodden people and they should also begin to assert themselves. They will have to face more difficulties. They will have to face tremendous repression, the administration being what it is. Therefore, they will have to face tremendous repression. It will be a long-drawn fight. All I would like to say is that, if people are really interested in the welfare of Harijans and the down-trodden people, they should go and organise these people, irrespective of party affiliations. I am prepared to invite people from all parties to join us. We have been organising the Harijan agricultural labourers. Let them organise the agricultural labourers throughout the country. Let them fight for their rights. This is the only way by which this problem can be solved and not by any amount of shouting in Parliament. If they are serious about it, if the other parties

[Shri P. Ramamurthi]
who are expressing concern over the welfare of the Harijans are really serious about it, I would invite them. Let them go and organise the agricultural labourers who form the majority of the Harijans population in the country. Let them fight for their economic rights and against the social disabilities. This is the only way and this is the only test of their sincerity. All other attempts to shout about Harijan welfare and all that is just bunkum and it is just hypocrisy. This is all I would like to say. *(Interruptions)*

MR. CHAIRMAN: Let me make it very clear. There are a hundred people. Each party will be represented by one representative only. From the Congress (I), Mr. Maurya has spoken.

SHRI BHISHMA NARAIN SINGH (Bihar): Sir, there are two from the Congress. Why not from our party?

MR. CHAIRMAN: It has been agreed that every party will be represented by one Member. *(Interruptions)*

1 P.M.

श्री रोशनलाल (हिमाचल प्रदेश) : जनाब चेयरमैन साहब, जो हरिजनों के ऊपर जुल्म और तशद्दुद इस देश में जनता राज में, जनता हुकूमत के दौरान हुए शायद तारीख में इतने कभी नहीं हुए। मेरे पास हर एक स्टेट की अददो शुमारी नहीं है। लेकिन पिछले 13 महीने हुकूम करते हुए जनता राज को हो गये और 5403 हरिजनों और पसमांदा कबीलों का कत्ल हुआ इस देश में और उनकी मस्तूरात अस्मतदरी ही नहीं की गई बल्कि उनके अन्दामेनाजुक को लोहे की लाल सलाखों से दागा गया, और जिन्दा आदमियों को बिहार में जलाया गया। इससे शर्मनाक और इब्रतनाक वाकया किसी देश की तारीख में, किसी जम्हूरी देश की तारीख में नहीं मिल सकता है। इस हुकूमत के लिए और बल्कि हमारी इत्तका और हमारी कौमी रवायत के लिए यह शर्मनाक है।

इस बेचैनी का मसला और इस शोरोगुल या तहरीर या तकरीर का यह मसला नहीं है। इसके पशेमुवज्जर में झांकने की असल जरूरत है। यह समाजी और इक्तसादी मसला है। जब तक हम इन तीन पहलुओं की तरफ गौर नहीं करेंगे और हम इस पर अमल नहीं कर पायेंगे न इन मसलों का हल निकाल सकेंगे। आपने कितने ही कमीशन बनाये, रोजाना वायदे करे, अपने प्लेटफार्म के ऊपर कि हमने हरिजनों के लिये यह किया, वह किया। यह सब बेकार है। बल्कि प्राइम मिनिस्टर ने पिछले दिनों खुद यह बात कही। हरिजनों को कि आप जत्थेबन्द हो जाइये और मैं आपके साथ रहूंगा। यह उनकी तिफले तमन्ना है। यह मसला इस तरीके से हल नहीं हो सकता। यह मसला इक्तसादी और समाजी मसला है और इसके रास्ते में सब से बड़ी चीज जितनी भी पसमांदा जातियों के लोग हैं, पसमांदा कबायलियों के लोग हैं वह देहातों में रहते हैं, जंगलों में रहते हैं, उनके मसले हैं, जरी मसले हैं। जब तक आप हिन्दुस्तान में जरी इस्लाहात को सही नहीं करते तब तक इस मसले को हल नहीं कर सकते। जरिये के मसले करने के लिये जो आप आज तक लैंड रिफार्म्स लाये हैं, हर एक स्टेट लैंड रिफार्म मुख्तलिफ किस्म के लाये हैं उससे उनका हल नहीं हो सका है। उसका एक ही तरीका है। अगर आप इस मसले को हल नहीं कर पाये तो उसका एक ही तरीका है कि नोटेशन्ज सूबा सरकार के नाम मुन्तकिल होनी चाहिए कि जितनी लैंड केन्द्र में है तमाम स्टेटों की वह हो जानी चाहिए। उसके बाद आप इकानिमक होल्डिंग मुकर्रर कीजिए और उसके मुताबिक तकसीम कीजिए। एक मसला यह है।

दूसरा इक्तसादी मसला यह है कि उनको जितने आपने अभी कमीशन मुकर्रर किये, जैसा कि मैंने अभी अर्ज किया, 5403 हरिजनों का कत्ल हुआ 13 महीनों के अन्दर और यहां से कौमी वफ़ात के लिए देश में कहा गया था

कि उसमें कुछ ब्यूरोक्रेसी ने क्योंकि यह देश गुलाम रहा है, दूसरी हुकूमतों का, इसलिए ब्यूरोक्रेसी के अन्दर या हुकूमत के कुछ कर्मचारियों ने कुछ ज्यादतियां भी कीं। हम इंकार नहीं करते। लेकिन उसके लिये जो कमीशन मुकर्रर हुए मगर इसके लिए आपने कोई कमीशन मुकर्रर नहीं किया कि 13 महीने के अन्दर 5403 आदमियों का कत्ल कर दिया गया। उसके लिए कमीशन मुकर्रर नहीं किया। यह जुल्म का मकाम है। मेरी आपसे प्रार्थना है कि आप इस मसले को शोर में न टालें, इस तरह न टालें जिस तरह से कि शोरो शराब में हाउस में कह कर आपके कुछ मेम्बर शोर करते हैं, इस तरह से टालना चाहते हैं तो यह बड़ा गम्भीर मसला है। अब लोग उजागर हो चुके हैं। वह अपने हकूक को समझने लगे हैं। इस तरह से टालने की कोशिश की तो समाज के अन्दर कानून के बन्धन टूट जायेंगे और अवाम मुस्तिल होकर अपने इंतकाम के ऊपर उतर जायेंगे। बंगला देश में 30 लाख लोगों ने अपने हकूक के लिए अपनी जान कुरबान की। यहां 15 करोड़ की आबादी है। अब 15 करोड़ में से 50 लाख भी अपना खून देने के लिए तैयार हैं। तो मैं समझता हूं कि वह कभी आपको नहीं बख्शेंगे। अगर आप अपने जम्हूरी तर्ज निजाम को कायम रखना चाहते हैं और अच्छी तरह से इसकी हुकूमत को कायम रखना चाहते हैं तो इस मसले को हल कीजिए।

MR. CHAIRMAN; Now the discussion is over. Before I announce that the House stands adjourned for lunch, I would like to announce another thing. The Prime Minister will make a statement at 3 P.M. and we shall meet again at ...

SHRI ANANT PRASAD SHARMA: Is it abou* the correspondence between the Homi Minister and the Prime Minister'

MR. CHAIRMAN: The subject has been given. It is about his recent foreign tour. Now the House stands adjourned till 2.10 P.M.

The House then adjourned for lunch at six minutes past one of the clock.

The House reassembled after lunch at twelve minutes past two of the clock, Mr. Deputy Chairman in the Chair.

RE DEMAND FOR PLACING OF CORRESPONDENCE BETWEEN THE EX-HOME MINISTER AND THE PRIME MINISTER BEFORE THE HOUSE

विपक्ष के नेता (श्री कमलापति त्रिपाठी): मान्यवर, इसके पहले कि सदन में कोई प्रश्न लिया जाय, मैं आपका ध्यान एक बात की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। स्पेशियल मेंशन में मैंने कोई वक्तव्य दिया था और उसमें यह प्रश्न उठा था कि भूतपूर्व गृह मंत्री जी ने प्रधान मंत्री जी पर और मंत्रिमंडल के अपने साथियों के ऊपर बहुत से अभियोग लगाये हैं। उन्होंने यह भी कहा है कि इस संबंध में हम ने प्रधान मंत्री को लिखा है और प्रधान मंत्री जी ने उसका उत्तर दिया है। हमने यह मांग की थी कि जो कोई भी गृह मंत्री जी और प्रधान मंत्री जी के बीच में इस बारे में पत्र व्यवहार हुआ हो उसको पार्लियामेंट का सदस्य होने के नाते और जनता का प्रतिनिधि होने के नाते हम जानना चाहते हैं। ये बातें हमारे देश के अखबारों में आ चुकी हैं और अब कोई चीज छिपी नहीं रह गयी है। यह कोई सीक्रेट डाकुमेंट नहीं रह गया है। यहां तक कि श्री राजनारायण जी ने जो इस्तीफा दिया है, उस सारे पत्र व्यवहार को उन्होंने प्रकाशित कर दिया है। इसलिए हमारी यह मांग है कि उन सारे पत्रों को सदन के सामने रखा जाये ताकि हम लोग उनको देख सकें और इस देश की जनता उनको देख सके और यह जान सके कि इन पत्रों में